# सेमी क्रायोजेनिक इंजन

**स्रोत: इसरो**

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** ने इसरो प्रणोदन परिसर (IPRC), महेन्द्रगिरि में अपने **सेमी क्रायोजेनिक इंजन** का अल्पकालिक तापीय परीक्षण (हॉट फायर टेस्ट) सफलतापूर्वक किया।

- अल्पकालिक तापीय परीक्षण में इंजन को वास्तविक ईंधन के साथ संक्षिप्त रूप से प्रज्वलित किया जाता है ताकि **वास्तविक संचालन स्थितियों में उसके प्रज्वलन और प्रदर्शन की पुष्टि** की जा सके। यह परीक्षण मार्च 2025 में किये गए पहले सफल गर्म परीक्षण के बाद दूसरा महत्त्वपूर्ण चरण है।
- **सेमी क्रायोजेनिक इंजन:** यह एक **तरल रॉकेट इंजन** होता है जो ऑक्सीडाइज़र के रूप में **तरल ऑक्सीजन (LOX)** और ईंधन के रूप में **परिष्कृत केरोसीन (RP-1)** का उपयोग करता है।
  - भविष्य के हेवी-लिफ्ट प्रक्षेपण यानों के बूस्टर चरणों को शक्ति प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया सेमी-क्रायोजेनिक इंजन, LOX-केरोसीन संयोजन के माध्यम से क्रायोजेनिक प्रणालियों की तुलना में उच्च घनत्व आवेग प्रदान करता है, जिससे **प्रणोदन क्षमता** में वृद्धि होती है।
  - इसके अतिरिक्त, केरोसीन तरल हाइड्रोजन की तुलना में सस्ता और रख-रखाव में आसान होता है, जिससे लागत कम होती है और संचालन सरल हो जाता है।
  - इस सेमी क्रायोजेनिक इंजन के सफल विकास से इसरो की पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी और यह **नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV)** जैसे भविष्य के प्रक्षेपण यानों का समर्थन करेगा।
- **NGLV:** एक लागत-कुशल, पुन: प्रयोज्य हेवी-लिफ्ट रॉकेट है जिसे इसरो द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह **लो अर्थ ऑर्बिट (Low Earth Orbit)** में 30 टन तक भार ले जाने में सक्षम होगा, जिसमें पहला चरण पुनः उपयोग योग्य होगा।
  - इसका विन्यास तीन चरणों में विभाजित है, जिसमें **प्रारंभिक दो चरणों में तरल ऑक्सीजन (LOX) आधारित इंजन** प्रयुक्त होते हैं, जबकि **अंतिम चरण में एक क्रायोजेनिक इंजन** प्रयुक्त होता है।
  - NGLV का उद्देश्य संचार उपग्रह प्रक्षेपण, गहन अंतरिक्ष मिशन और भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान और कार्गो मिशनों को समर्थन प्रदान करना है।

## Cryogenic vs Semi-Cryogenic Engines: Key Differences

| Feature | Cryogenic Engine | Semi-Cryogenic Engine |
|---|---|---|
| **Fuel** | Liquid Hydrogen ($LH_2$) + Liquid Oxygen (LOX) | Refined Kerosene (RP-1) + Liquid Oxygen (LOX) |
| **Fuel Temperature** | $LH_2$ at −253°C, LOX −183°C | −183°C, Kerosene stored at ambient temperature |
| **Complexity** | High (due to handling ultra-cold $LH_2$, insulation challgengs) | Lower (kerosene is stable at room temperature) |
| **Cost** | Expensive ($LH_2$ production/storage costs, complex infrast- | Cheaper (kerosene is cost-effective, simpler logistics) |
| **Thrust** | Lower thrust but higher specific impulse (efficiency in vacuum) | Higher thrust (ideal for heavy-lift boosters) |
| **Advantages** | – High efficiency (specific impulse -450 sec) – Clean exhaust (water vapor) | - Higher thrust-to-weight ratio- Higher density impulse (more fuel storage) -Cost-effective |

**और पढ़ें:** 3D प्रिंटेड क्रायोजेनिक इंजन और अंतरिक्ष क्षेत्र का निजीकरण, NISAR उपग्रह ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/semi-cryogenic-engine